**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–15 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश के नोएडा में जेवर हवाई अड्डे के पास सैंतिस अरब रुपये के निवेश से सेमीकंडक्टर इकाई की स्थापना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–विकास और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा।
- पूरे देश में आयोजित की जा रही हैं तिरंगा यात्राएं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में शौर्य तिरंगा यात्रा की अगुवाई की, कहा–भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर पाकिस्तान को मजबूती से दिया जवाब।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा की, नदियों के पुनर्जीवन को जनांदोलन बनाने पर दिया जोर।
- प्रदेश के प्राणी उद्यानों और सफारी पार्कों में बर्ड फ्लू से बचाव के लिए प्रदेश सरकार सतर्क, उठाए गए कई महत्वपूर्ण कदम।

**********

केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में जेवर हवाई अड्डे के पास एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दे दी है। नई दिल्ली में कल मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस इकाई को प्रति माह बीस हजार वेफर्स के लिए डिजाइन किया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि सैंतिस अरब रुपये के निवेश वाली इस इकाई की डिजाइन आउटपुट क्षमता तीन करोड साठ लाख यूनिट प्रति माह है।

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कैबिनेट में सेमीकंडक्टर यूनिट जो भारत का छठा सेमीकंडक्टर यूनिट बनेगा वो जेवर उत्तर प्रदेश में बन रहा है उसको अप्रूव किया है। अब तक पांच सेमीकंडक्टर के यूनिट्स इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अप्रूव होने के बाद में बहुत तेजी से उसमें कन्स्ट्रक्शन चल रहा है उन पांचों में और एक का प्रोडक्शन इस वर्ष 2025 से स्टार्ट हो जाएगा।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के मंत्रिमंडल के निर्णय से विकास और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कैबिनेट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह निर्णय एक ऐतिहासिक कदम है।

**********

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करके उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत की उल्लेखनीय सफल कार्रवाई के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की।

इस बीच, सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णम कुमार शॉ भी कल सुबह देश लौट आए। तेईस अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद उन्हें पाकिस्तानी रेंजरों ने गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार किए जाने के दौरान वे सीमा बाड़ के निकट काम कर रहे किसानों की रक्षा करने वाली टीम का हिस्सा थे।

**********

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में 'तिरंगा यात्रा' आयोजित की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू की गई ग्यारह दिन की इस यात्रा का उद्देश्य नागरिकों, समुदायों और क्षेत्रों में राष्ट्रीय गौरव तथा एकता की भावना पैदा करना है।

इसी क्रम में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस तरह भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर पाकिस्तान को मजबूती से जवाब दिया, उससे दुनिया भर में ये संदेश गया है कि भारत की तरफ आंख उठाने वालों को मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

**पाकिस्तान के द्वारा की गई हिमाकत को भारत के बहादुर जवानों ने चाहे वह वायुसेना रही हो, थल सेना रही हो या नौसेना रही हो। इन सभी जवानों ने जिस मजबूती के साथ उसका जवाब दिया दुनिया को संदेश भी दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन कोई छेड़ेगा, तो फिर उसको छोड़ेंगे भी नहीं।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कारवाई कर देश का मान बढ़ाया है। रिटायर्ड मेजर जनरल विमलेश तिवारी का कहना है कि सेना की कारवाई से पूरे देश में राष्ट्र प्रथम का भाव बढ़ा है और आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट हुआ है।

**ऑपरेशन सिंदूर का कार्यान्वयन भारतीय शस्त्र बलों की अद्वितीय सामरिक एकता, सामरिक क्षमता और सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है। इसने पूरे देश को एकजुट कर दिया है। साथ साथ पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देशों और समस्त विश्व के देशों के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण संदेश है कि भारतीय सेनाएं हर प्रकार की सामरिक चुनौतियों के लिए और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और पूरी तरह से सक्षम हैं।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने नदियों के पुनर्जीवन को जनांदोलन बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी में जल संकट से निपटने के लिए सरकार सतर्क है। जल आपूर्ति संबंधी शिकायतों का चौबीस घंटे में समाधान करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जल की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इसके लिए सभी जिलों में नोडल अधिकारी और कंट्रोल रूम बना कर प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही सभी खराब हैंडपम्प की मरम्मत की जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने हर घर नल और जल जीवन मिशन की विस्तार से समीक्षा की और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में अविरल निर्मल गोमती के लिए एक माह में डीपीआर तैयार कर मानसून के बाद काम शुरू करने को कहा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को सामाजिक अपराध की श्रेणी में रखते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनकी तस्वीरें सार्वजनिक स्थानों पर लगाई जाएं। मुख्यमंत्री ने दूध और दुग्ध उत्पादों की जांच के लिए विशेष टीमें बनाने को कहा। साथ ही उन्होंने पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर प्रभावी नियंत्रण का भी निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस के साथ विभागीय समन्वय बनाते हुए प्रवर्तन कार्रवाई करने को कहा ताकि नकली दवाओं के कारोबार पर अंकुश लग सके। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

**********

गोरखपुर चिड़ियाघर में बीते दिनों एवियन इंफ्लुएंजा के कारण बाघिन शक्ति की मौत के बाद प्रदेश सरकार सतर्क है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी प्राणी उद्यानों और सफारी पार्कों में बर्ड फ्लू संक्रमण से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश के वन राज्य मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा है कि सभी चिड़ियाघरों में नियमित सैनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, ताकि वायरस के प्रसार को रोका जा सके।

**हमारे सभी जू एक हफ्ते के लिए बंद कर दिए गए। हर जगह सैनिटेशन का इंतजाम किया जा रहा है। सफाई का पूरा इंतजाम किया जा रहा है। चूना छिड़का जा रहा है, दवाइयाँ छिड़की जा रही है ताकि अगर कहीं कोई वायरस है तो वो मर जाए। लोगों के लिए जू इसलिए बंद कर दिया गया ताकि औरों में न फैले किसी मानव में न फैले। उसके अलावा जानवरों का जहाँ से खाना आता है उसकी भी जाँच की जा रही है की आखिर कहाँ से यह वायरस आया और कैसे फैला।**

**********

प्रदेश सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के मंत्री राकेश सचान ने कल लखनऊ के खादी भवन सभागार में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खादी की प्रभावशाली ब्रांडिंग की जाए। साथही इसे जन जन से जोड़ने के लिए विभाग की सभी संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

**********

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के विभिन्न खेलों में राज्य को अब तक तैंतालिस पदक मिल चुके हैं जिनमें बारह स्वर्ण, सत्रह रजत और चौदह कांस्य पदक शामिल हैं। इसी क्रम में कल नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में पुरुषों के फ्लोर फाइनल में भी प्रदेश के हर्षित डी. ने स्वर्ण पदक जीत लिया। चार मई से शुरू हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आज समापन हो जाएगा।

**********

तेरहवीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चौम्पियनशिप का कल लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में समापन हो गया। इस स्पर्धा में महाराष्ट्र ओवरऑल चौम्पियन रहा।

**********